किसानों ने किया घेरा डालो, डेरा डालो आंदोलन

आंदोलन में विधायक समेत हजारों की तादाद में किसान जुटे

हरदा, 28 अप्रैल. किसानों ने 22 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार से घेरा डालो डेरा डालो किसान क्रांति आंदोलन शुरू कर दिया. गेहूं और मूंग की खरीदी में आ रही समस्याओं को लेकर हरदा, देवास, नर्मदापुरम और खंडवा जिले के किसान बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों के साथ कृषि मंडी में जमा हुये.

हालात को देखते हुए कलेक्ट्रेट-मंडी क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया है. 5 बटालियनों के 1100 जवान तैनात किए गए हैं. आंदोलन में शामिल किसानों ने बताया कि किसान अपनी ट्रॉलियों में घर से आटा, दाल और अन्य खाद्य सामग्री लेकर आए हैं. वे मंडी समेत अन्य स्थानों पर दाल-बाटी बनाकर खाएंगे. साथ ही अपनी ट्रॉलियों को तंबू में बदल लिया है. वे बिस्तर भी साथ लाए हैं. अगर प्रशासन ने हमारी मांगे नहीं मानी तो यह आंदोलन अनिश्चितकालीन भी हो सकता है. हरदा से कांग्रेस विधायक डॉ आर के दोगने ने भी अपने समर्थकों के साथ आंदोलन स्थल पर पहुंचकर समर्थन दिया. कृषि उपज मंडी में चल रहे किसान आंदोलन के दौरान एसडीएम अशोक डेहरिया किसानों से चर्चा के लिए पहुंचे थे. लेकिन किसानों ने कहा कि वे अपनी सभी मांगों को लेकर नर्मदापुरम संभाग के कमिश्नर को ज्ञापन सौंपेंगे. जबकि एसडीएम ने कहा कि कलेक्टर चर्चा के लिए तैयार है. इसके बाद किसानों ने ज्ञापन सौंपने से मना कर दिया.

ये हैं किसानों की मुख्य मांगें

स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार समस्त फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी का गारंटी का कानून बनाया जाये .समस्त किसानों को कर्जमुक्त किया जाये .कृषि यंत्र, कृषि उपकरण, खाद, बीज, कीटनाशक एवं कृषि संबंधी समस्त वस्तुओं को जीएसटी मुक्त किया जाये . वर्तमान ग्रीष्म कालीन फसल (मूंग, मक्का) का पंजीयन शीघ्र प्रारंभ कर समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाये . उपज की बोली समर्थन मूल्य से प्रारंभ की जाये . साथ ही जिन किसानों ने उपज समर्थन मूल्य से कम दाम पर विक्रय की है, उन्हें अन्तर की राशि का तत्काल भुगतान किया जाये .जो किसान सहकारिता एवं अन्य बैंकों का ऋण समय पर जमा नहीं कर पाने के कारण डिफाल्टर हुए है, उन्हें शीघ्र ही नियमित किया जाये . मुख्यमंत्री सिंचाई पम्प अनुदान योजना पुनः प्रारंभ की जाये . किसानों को लगातार 14 घण्टे सिंचाई हेतु बिजली उपलब्ध कराई जाये .दुग्ध उत्पादक किसानों को 10/- प्रति फेट का मूल्य निर्धारित किया जावे एवं पशु आहार पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाये . जिला सहकारी बैंक का मुख्यालय हरदा किया जाये .

घोटाले के आरोपी का सरेंडर

4 .22 करोड़ रुपये की मूंग गायब होने के मामले में दो महीने से था फरार

नर्मदापुरम, 28 अप्रैल. माखननगर में करीब 4.22 करोड़ रुपये की मूंग गायब होने के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी अमित तोमर मंगलवार ने थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया. वह पिछले दो महीनों से फरार था. उसकी तलाश में पुलिस की टीमें इंदौर, भोपाल और उत्तर प्रदेश तक गई थीं.

अमित तोमर ने गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत की याचिका भी दायर की थी, लेकिन अदालत से राहत नहीं मिलने के बाद उसने आत्मसमर्पण कर दिया.

यह पूरा मामला माखननगर के एकलव्य वेयरहाउस से जुड़ा है, जहां से हजारों बोरी सरकारी मूंग गायब पाई गई थी.अब आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस यह पता लगाने में जुटेगी कि मूंग कहां खपाई गई और इस घोटाले में किन-किन लोगों की संलिप्तता है.जांच में व्यापारी, निजी कंपनियां या अधिकारियों की भूमिका भी सामने आ सकती है.इस मामले में वेयरहाउस की संचालिका आरती नरेंद्र तोमर और एक अन्य आरोपी अभय राजावत की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है.आरती पिछले दो महीने से जेल में है और उसे अभी तक जमानत नहीं मिली है. घोटाले का खुलासा फरवरी में हुआ था, जब स्टॉक जांच के दौरान रिकॉर्ड और वास्तविक मात्रा में भारी अंतर पाया गया. दस्तावेजों में 62,694 बोरी मूंग दर्ज थी, जबकि भौतिक सत्यापन में केवल 52,795 बोरी ही मिलीं.करीब 9,899 बोरी मूंग गायब पाई गई, जिसकी कीमत 4 करोड़ 22 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है.जांच के दौरान कुछ बोरियों में मिट्टी और कचरा मिलाने की बात भी सामने आई थी. इस संबंध में माखननगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी.फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ की तैयारी में है और जल्द ही उसे रिमांड पर लेकर मामले के अन्य पहलुओं की जांच की जाएगी.हालांकि अभी टीआई अनूप उइके के अनुसार चौकीदार की गिरफ्तारी होना बाकी है.

मकानों पर नंबर अंकित करने का कार्य पूर्ण

नर्मदापुरम, 28 अप्रैल. आगामी जनगणना 2027 के अंतर्गत कार्य 1 मई से प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है. इसके पूर्व स्थानीय निकायों द्वारा मकानों पर नंबर अंकित करने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है.

प्रारंभिक चरण में मकानों की गणना की जाएगी, जिसका डाटा मोबाइल ऐप के माध्यम से दर्ज किया जाएगा.जनगणना कार्य की तैयारी के अंतर्गत नर्मदापुरम तहसील अंतर्गत सुपरवाइजर रामकुमार गौर द्वारा क्षेत्र का विस्तृत भ्रमण किया गया. उन्होंने मकानों के नंबर के आधार पर सर्वे कर कार्य की रूपरेखा एवं रणनीति तैयार की.नर्मदापुरम तहसील ग्रामीण क्षेत्र को कुल 13 सेक्टरों में विभाजित किया गया है, जिनमें 13 सुपरवाइजर एवं 49 प्रगणकों के माध्यम से कार्य संपादित किया जाएगा. गौर को सेक्टर क्रमांक 02 का दायित्व सौंपा गया है, जिसमें रंढाल, पर्रादेह एवं बड़ोदिया कला ग्राम पंचायतें शामिल हैं. इन पंचायतों में कुल 06 ब्लॉक बनाए गए हैं, जिनमें लगभग 960 मकानों की गणना की जाएगी. उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में किये गये भ्रमण का उद्देश्य कार्य की बेहतर रणनीति बनाने एवं क्षेत्र की वास्तविक स्थिति का आकलन करना है. भ्रमण के दौरान अर्जुन सिंह यादव (पलासडोह), निकिता चौहान एवं शिवकिशोर चौरे (बड़ोदिया कला), भेरू प्रसाद पालीवाल (पर्रादेह), सुमित तिवारी, ललित यादव सचिव मयूर बामनकर (रंढाल) उपस्थित रहे.

संत शिरोमणि भूराभक्त जयंती पर निकली शोभायात्रा

पिपरिया, 28 अप्रैल. संत शिरोमणि भूरा भक्तजी महाराज की जयंती अवसर पर संत भूरा भगत जयंती समारोह समिति, कतिया समाज समिति, काठियावाडी क्षत्रिय कतिया समाज व कतिया युवा संगठन द्वारा पुराना गल्ला बाजार हनुमान मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई. संत भूरा भगत जयंती समारोह समिति अध्यक्ष मनोज नागौत्रा, सचिव राकेश नागवंशी सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ,समाजसेवियों की उपस्थिति में शोभायात्रा प्रारंभ हुई. अश्व पर सवार बेटियां ध्वज पताका लिये चल रही थीं. पुष्प वर्षा कर स्वगत किया गया.

नर्मदापुरम से अयोध्या के लिए चलेगी नई ट्रेन

इटारसी, 28 अप्रैल. सांसद दर्शन सिंह चौधरी के प्रयासों से रेलवे ने एक साप्ताहिक ट्रेन को अब प्रतिदिन चलाने की मंजूरी दी है, जिसे सांसद 29 अप्रैल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे. इसके साथ ही अयोध्या के लिए नई रेल सेवा की शुरुआत भी की जा रही है, जो क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है.

स्थानीय विश्राम गृह में पत्रकारों से चर्चा करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि साप्ताहिक ट्रेन का प्रतिदिन होना और अयोध्या के लिए नई ट्रेन का चलना नर्मदापुरम, नरसिंहपुर और उदयपुरा क्षेत्र के यात्रियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा. सांसद ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए नागपुर से महाराष्ट्र के भुसावल खंड तक कनेक्टिविटी को और मजबूत किया जा रहा है. उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे निरंतर प्रयासरत हैं ताकि क्षेत्र की रेल सुविधाएं और अधिक सुलभ और आधुनिक बन सकें. इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक हरि नारायण अग्रवाल, जिला विकास समिति सदस्य प्रशांत अग्रवाल, नपा उपाध्यक्ष निर्मल राजपूत, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, राजू अग्रवाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे.

अमृत भारत एक्सप्रेस का आज होगा हरदा में भव्य स्वा गत

हरदा, 28 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बनारस रेलवे स्टेशन से अमृत भारत एक्सप्रेस के शुभारंभ किया. इसी के साथ गाड़ी संख्या 22589/22590 बनारस-हड़पसर-बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित संचालन 28 अप्रैल से प्रारम्भ हुआ.

प्रधानमंत्री के शुभारंभ के उपरांत गाड़ी संख्या 02531 29 अप्रैल को प्रातः 10:20 बजे हरदा रेलवे स्टेशन पहुंचेगी, जहां इसका भव्य स्वागत किया जाएगा. इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय कार्य विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गा दास उईके कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे.

एक नजर में

बाइक आमने-सामने टकराई एक की मौत,दो घायल

पिपरिया, 28 अप्रैल. पिपरिया-बनखेड़ी मार्ग पर पालीवाल पेट्रोल पंप के आगे दो बाइकों की आमने सामने टक्कर से तीन घायल हो गए . एक युवककी इलाज के दौरान मौत हो गई . गाडरवाड़ा से आ रहे बाइक सवार महेन्द्र पिता रामदयाल कहार (27) निवासी पारखी अपने साले मोती पिता ताराचंद कहार निवासी गाडरवाडा और 7 वर्षीय पुत्र दक्ष के साथ बाइक से गाडरवाड़ा से पिपरिया आ रहे थे . पालीवाल पेट्रोलपंप के आगे व मछवाई पुलिया के पास पिपरिया की ओर से जा रहे बाइक सवार द्वारा तेजी व लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी . जिससे मोती कहार व महेन्द्र कहार वही दूसरी बाइक पर सवार मनोहर पिता पंचमसिंह अहिरवार निवासी भट्ठी सोहागपुर घायल हो गए . गंभीर घायल मोती कहार की इलाज के दौरान मौत हो गई . 7 वर्षीय दक्ष पूर्णतः सुरक्षित है .

सुहागमल मांधाता विधानसभा के प्रभारी नियुक्त

हरदा, 28 अप्रैल. कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत संगठन को मजबूत करने के लिए मध्य प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में प्रभारियों की नियुक्तियां की जा रही है . इसी के तहत हरदा जिले के युवा कांग्रेस नेता सुहागमल बिश्नोई को खंडवा जिले की मांधाता विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है . बिश्नोई की नियुक्ति पर हरदा जिला अध्यक्ष मोहन साई, विधायक डॉ . रामकिशोर दोगने, अभिजीत शाह, पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पंवार, ओम पटेल, सुरेंद्र जैन, हेमंत टाले, बद्री पटेल, आत्माराम पटेल, हीरालाल पटेल, सुभाष जायसवाल, श्यामलाल बाबल, गोविन्द सूरमा, रविशंकर शर्मा, सुगम भंडारी, गोविंद व्यास, उमाशंकर खोड, सुरेन्द्र पटेल, राहुल पटेल, दीपक सारण, वीरेंद्र भादू, सूरज मांजू, राजू सियाग, भजन सियाग, सुनील कांवा, ने बधाई दी है .

आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती पर हुई संगोष्ठी

पिपरिया, 28 अप्रैल. मप्र जन अभियान परिषद एवं नवांकुर संस्था वुमेन चाइल्ड ओल्डरस वेलफेयर सोसाइटी और पिपारिया की संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय भगत सिंह पीजी कॉलेज में आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया . परिषद की नवांकुर संस्था की अध्यक्ष शीतल मौर्य ने आदि गुरु शंकराचार्य जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित किया . नवांकुर सस्था से दुगेश गोस्वामी ने कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य जी भारतीय एकता के प्रतीक हैं .

खाद-बीज विक्रेताओं ने की हड़ताल

खिरकिया, 28 अप्रैल. देशभर के खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं के पंजीकृत संगठन के आह्वान पर कृषि आदान व्यापारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की. इस दौरान व्यापारियों ने एकजुट होकर स्थानीय प्रशासन के माध्यम से अपनी मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा.

ज्ञापन में व्यापारियों ने प्रमुख रूप से खाद, बीज और कीटनाशक से जुड़े व्यवसाय में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों और नीतिगत विसंगतियों को उजागर किया.

व्यापारियों ने कहा कि उर्वरक निर्माता कंपनियों द्वारा सब्सिडी वाले खाद के साथ गैर-जरूरी एवं अनुपयोगी उत्पादों की जबरन लिंकिंग की जा रही है. इससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है. उन्होंने मांग की कि इस प्रकार की जबरन लिंकिंग को अपराध घोषित किया जाए और उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज पर पूरे देश में इस पर प्रतिबंध लगाया जाए. व्यापारियों ने उर्वरकों पर मिलने वाले डीलर मार्जिन को बढ़ाकर कम से कम 8 प्रतिशत करने की मांग की है. उनका कहना है कि वर्तमान मार्जिन में व्यवसाय संचालन करना कठिन होता जा रहा है.

हड़ताल के दौरान क्षेत्र के सभी कृषि आदान व्यापारी एकजुट नजर आए. इस दौरान लक्ष्मीकांत हेडा, विवेक जैन, परशराम भाटी, भरत हेडा, पंकज अग्रवाल, राजू महिवाल, अशोक राजपूत समेत कई व्यापारी मौजूद थे.

बच्ची की जान बचाने वाले जवान सम्मानित

नर्मदापुरम, 28 अप्रैल. सोमवती अमावस्या के अवसर पर नर्मदा घाट पर स्नान के दौरान एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया था. बैंक कॉलोनी निवासी ऋषभ सराठे अपनी 3 वर्षीय पुत्री अदिति के साथ स्नान करने पहुंचे थे, तभी बच्ची का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूबने लगी.

परिजनों के शोर मचाने पर ड्यूटी पर तैनात एसडीईआरएफ जवान अभिषेक राजपूत और संतोष शुक्ला ने तुरंत नदी में छलांग लगाई और बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला। अचेत अवस्था में होने पर जवानों ने सीपीआर देकर उसकी जान बचाई और एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे खतरे से बाहर बताया. इस साहसिक कार्य के लिए आईपीएस साई कृष्णा ने दोनों जवानों को सम्मानित किया.

गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग का सौंपा ज्ञापन

पिपरिया. गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत गौभक्त, संत समजा और अनेक संगठनो ने तहसील कार्यालय पहुंच राज्यपाल के नाम तहसीलदार वैभव बैरागी को आवेदन पत्र सौपा. ज्ञापन में गौ माता का संरक्षण संवर्धन एवं गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किये जाने की मांग की. ज्ञापन में कहा कि मप्र में गौवंश के संरक्षण संवर्धन एवं वध पर पूर्ण प्रतिबंध हेतु कठोर कानून बनाया जाए.

ट्रेन में छूटे जेवर से भरा बैग महिला को लौटाया

आरपीएफ ने तत्परता की मिसाल पेश की

इटारसी, 28 अप्रैल. रेलवे सुरक्षा बल द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन अमानत' के तहत इटारसी आरपीएफ ने ईमानदारी और तत्परता की एक मिसाल पेश की है. बल के जवानों ने ट्रेन में छूटा एक बैग बरामद कर महिला यात्री को सौंपा, जिसमें करीब एक लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण रखे हुए थे.

जानकारी के अनुसार, भोपाल के करोंद निवासी महिला यात्री पप्पी योगी, पति विनोद योगी के साथ गाड़ी संख्या 22191 में भोपाल से नर्मदापुरम तक की यात्रा कर रही थीं. नर्मदापुरम स्टेशन पर उतरते समय वे अपना हैंडबैग कोच संख्या एस-4 में ही भूल गईं. भोपाल कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही इटारसी स्टेशन पर आरक्षक लाखन सिंह गुर्जर ने मोर्चा संभाला. रात्रि करीब 1:40 बजे जैसे ही ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 2 पर पहुंची, आरक्षक ने बताए गए कोच की सघन तलाशी ली. बैग गैलरी में दरवाजे के पास लावारिस हालत में पड़ा मिला, जिसे सुरक्षित आरपीएफ पोस्ट लाया गया. आरपीएफ ने तत्काल महिला यात्री को सूचित किया, जिसके बाद वे देर रात इटारसी पोस्ट पहुंचीं. बैग की पहचान और सामग्री की पुष्टि होने के बाद सहायक उप निरीक्षक राम किशोर शर्मा ने बैग महिला सौंप दिया.

नर्मदा ट्रॉफी : टाइगर क्रिकेट क्लब की 54 रन से जीत

नर्मदापुरम, 28 अप्रैल. संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इंटर क्लब नर्मदा ट्रॉफी के चौथे मुकाबले में टाइगर क्रिकेट क्लब, नर्मदापुरम ने शिखर क्रिकेट अकादमी, हरदा को 54 रनों से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की.

नॉकआउट प्रारूप में खेले जा रहे इस दो दिवसीय मैच में शिखर अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए टाइगर क्लब की टीम 26वें ओवर में 108 रन बनाकर ऑलआउट हो गई. टीम की ओर से सिद्धार्थ सिंमैया ने 41 रन और शाश्वत भदौरिया ने 17 रनों का योगदान दिया. शिखर अकादमी के दिगंबर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके,.

स्वच्छ सर्वेक्षण नर्मदापुरम में मलासुर अभियान तेज, नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना किया जाएगा

3 साल में सेप्टिक टैंक की सफाई कराना अनिवार्य

नर्मदापुरम, 28 अप्रैल. स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम द्वारा शहर में स्वच्छता को लेकर गतिविधियां तेज कर दी गई हैं. इसी क्रम में मलासुर अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सभी घरों, दुकानों और संस्थानों के सेप्टिक टैंक की सफाई हर तीन वर्ष में कराना अनिवार्य किया गया है.

अभियान के तहत सेप्टिक टैंक की सफाई कराने पर निर्धारित शुल्क में 10 प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है. नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है, ताकि शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंक मिल सके. नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी नागरिकों को अपने सेप्टिक टैंक का निर्माण मानकों के अनुसार करना होगा और खुले में शौच पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा. नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माने का प्रावधान भी किया गया है. निर्धारित नियमों के अनुसार टैंक समय पर साफ नहीं कराने, मानक के अनुरूप निर्माण न करने या गंदगी फैलाने पर आर्थिक दंड लगाया जाएगा. साथ ही नगर पालिका द्वारा सेप्टिक टैंक खाली कराने के लिए अलग-अलग श्रेणियों में शुल्क भी

अभियान में सहयोग करने की अपील

नियमों का उल्लंघन करते हुए जो पाया जाएगा उस पर अर्थदंड लगाया जाएगा . एसआई मानक के अनुसार टैंक न बनाने पर 3,300 रुपए, 2 से 3 वर्ष में टैंक खाली न करवाने पर 1,500 रुपए जुर्मानी होगा . खुले में शौच करते पाए जाने पर पहली बार 50 दूसरी बार 100 रुपए जुर्मानी होगा . शौचालय का गंदा पानी/ मल खुले में छोड़ने पर - 5000 का जुर्मानी लगेगा . सेप्टिक टैंक खाली कराने का शुल्क (उपयोग शुल्क) नगर पालिका ने टैंक खाली करने के लिए दरें भी निर्धारित की हैं . नगर पालिका द्वारा घरेलू ट्रैक्टर 1,000 प्रति ट्रिप, नगर पालिका ट्रैक्टर कार्मशियल 2,000 प्रति ट्रिप, नगरीय सीमा के बाहर 2,500 प्रति ट्रिप, प्राइवेट ऑपरेटर शुल्क 500 (सीमा के भीतर), और 1,000 (सीमा के बाहर) लगेगा . नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे अभियान में सहयोग करें, समय पर टैंक की सफाई कराएं और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में भागीदारी निभाएं .

निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

नगर पालिका अध्यक्ष ने दिए सख्त निर्देश

इटारसी, 28 अप्रैल. नगर पालिका अध्यक्ष ने वार्ड नंबर 25 में राजू कुचबंदिया से खरे के मकान तक बन रही निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण पार्षद शुभम गौर के साथ किया गया. इस दौरान ठेकेदार पुनीत मालवीय को निर्माण सामग्री की गुणवत्ता बेहतर रखने के सख्त निर्देश दिए गए. उन्होंने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

वार्ड नंबर 2 में दीवान कॉलोनी में कुछ समय पूर्व निर्मित सड़क की गुणवत्ता खराब होने के कारण गिट्टी-कंक्रीट ऊपर दिखाई देने की शिकायत वार्डवासियों द्वारा की गई थी. इस पर निर्माण एजेंसी भूरिया बाबा कंस्ट्रक्शन को नोटिस जारी किया गया था. वर्तमान में एजेंसी द्वारा रिपेयरिंग कार्य शुरू कर दिया गया है. इसी के निरीक्षण के लिए नपा अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत मौके पर पहुंचे और कार्य का अवलोकन किया. उन्होंने ठेकेदार को उचित तरीके से पानी की तराई करने के निर्देश दिए।